क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# हुड्डा राज में जींद की सड़कें नहीं थी चलने लायक: दिग्विजय सिंह चौटाला



**जींद।** जजपा के प्रधानमहासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने ने कहा कि सरकार के तीन साल किसान आंदोलन व कोरोना काल के कारण चले गए। इस समय में सरकार को विकास करने का अवसर नहीं मिला। अब खराब हुए इस समय की भरपाई सरकार आगामी डेढ़ साल में करेगी। इसके लिए गांवों के सरपंच अपने गांव में मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उनके एस्टीमेट बनवा कर उनके पास लेकर आएं। वह खुद उन कार्यों को पूरा करवाने के लिए राशि जारी करवाने का काम करेंगे। जजपा के प्रधानमहासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला शुक्रवार को जींद विधानसभा के पांच गांवों और शहर में दो स्थानों पर दो जुलाई की सोनीपत लोकसभा की रैली की जुलाना में होने वाली रैली का न्यौता दिया।

**आप 10 को 46 में बदलो, जींद को राजधानी बनाने के वायदे को हम नहीं भूले**-जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि अब जजपा को 10 सीट मिली हैं। इन सीटों से प्रदेश सरकार में हिस्सेदारी तो मिली है लेकिन जींद के लोगों के साथ जींद को राजधानी बनाने का जो वायदा उन्होंने किया था। उसको पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने लोगों से कहा कि 10 की बजाय आगामी चुनाव में उनको 46 सीट दो। फिर वह जींद को राजधानी बनाने के वायदे को भी पूरा करके दिखाएंगेए लेकिन इतनी ताकत देने के लिए हर व्यक्ति को संगठन की मजबूती के लिए कठोर मेहनत करनी होगी।

# राज्य में सैटेलाइट से होगी खनन साइटों की निगरानी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य में खनन की नियमित निगरानी के लिए सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही भविष्य में किसी भी खनन अनुबंध क्षेत्र से खनन सामग्री ले जाने वाले सभी वाहनों को जीपीएस से लैस किया जाएगा। मुख्य सचिव शुक्रवार को चंडीगढ़ में भू एवं खनन विभाग की राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर थे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अवैध माइनिंग की अधिक समस्याएं हैं, उन संवदेनशील क्षेत्रों में चेकपोस्ट बढ़ाई जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने बारे भी विचार किया जाए। विशेषकर पकड़े गए अवैध वाहनों को खड़ा करने के लिए निर्धारित स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अधिकारियों की स्पेशल टीम बनाकर नियमित चेकिंग कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां किसी भी प्रकार का अवैध खनन न हो। खनन अधिकारी अवैध खनन पर अंकुश लगाने के साथ- साथ ओवरलोडिंग वाहनों का चालान भी अवश्य करें। मुख्य सचिव ने कहा



कि अधिकारी जिलों में अवैध माइनिंग की सख्त मॉनिटरिंग एवं निगरानी करें और अवैध वाहन पकड़ते समय उसमें ले जाए जा रहे खनन को भी मौके पर उतरवाना सुनिश्चित करें। अवैध माइनिंग में संलिप्त वाहनों को छोड़ने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। मुख्य सचिव ने कहा कि नियमित रूप से हर माह जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित की जाए और उनके मिनट्स पोर्टल पर अपलोड किए जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में अवैध खनन को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इनके तहत वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में अवैध खनन को लेकर 120 एफआईआर दर्ज कर 343 वाहन पकड़े गए और उनसे 2 करोड़ 34 लाख 24 हजार 250 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। गत वर्ष के दौरान अवैध खनन में लगे 1349 वाहन पकड़ कर उनसे 14 करोड़ 89 लाख 57 हजार 566 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई।

उन्होंने कहा कि नूंह में गत वर्ष 2022-23 में अवैध खनन में लगे 68 वाहन जब्त कर 23 एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा स्टोन क्रेसर व स्क्रीनिंग प्लांट पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है। बैठक में कौशल ने दादरी, भिवानी,खानक, महेंद्रगढ़, पंचकूला सहित कई जिलों में खनन बारे अधिकारियों से विस्तार से रिपोर्ट ली । उन्होंने यमुनानगर के बेलगढ़ मामले पर भी एनजीटी के निर्देशानुसार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, अरुण गुप्ता, प्रधान सचिव नवदीप सिंह वर्क सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा के सभी जिलों में लगेंगे स्मार्ट बिजली मीटर



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला लिया है। जल्दी ही पूरे प्रदेश में लोगों के घरों में लगे बिजली के सभी पुराने मीटर बदले जाएंगे। इनके बदले सरकार डिजिटल स्मार्ट बिजली मीटर लगाएगी। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बिजली मीटरों से उपभोक्ताओं को तो काफी फायदा होगा ही, साथ ही बिजली निगम को भी कई परेशानियों से निजात मिलेगी। आफिस में बैठकर ही अधिकारी मीटर के जरिए खर्च होने वाली बिजली का पता लगा सकेंगे। जिन पांच जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, अंबाला, करनाल और पंचकूला में बिजली के स्मार्ट मीटर प्रयोग के तौर पर लगाए गए थे, वहां बढ़िया नतीजे आए हैं। इन स्मार्ट मीटर की खास बात यह है कि उपभोक्ता स्वयं इस मीटर को बंद और चालू कर सकेंगे। डिजिटल मीटर से रीडिंग को लेकर कोई लापरवाही भी नहीं होगी। इस नए तरह के मीटर से बिजली के अनाप-शनाप बिलों के आने पर भी रोक लग सकेगी। अभी तक 10 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बिजली मंत्री के अनुसार प्रदेश सरकार पानीपत में पावर प्लांट को बंद करने जा रही है। पानीपत के 800 मेगावाट के इन प्लांट के स्थान पर ही यमुनानगर में नया प्लांट लगाया जाना था। पानीपत एनसीआर के दायरे में आता है, जिस कारण हम इसे पानीपत में नहीं लगा सकते और नए प्लांट के लगाने का स्थान यमुनानगर तय किया गया था। हरियाणा सरकार का प्रस्तुतीकरण तैयार है। यमुनानगर में प्रस्तावित कोयला आधारित बिजली प्लांट को यहां से स्थानांतरित नहीं होने दिया जाएगा और राज्य सरकार केंद्र में अपने पावर प्लांट के लिए मजबूत पैरवी करेगी।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया-तेजवीर सिंह



**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी का 2 जुलाई को माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसकी सफलता के लिए सम्मेलन के आयोजक पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने हलके के विभिन्न गांवों का दौरा किया और पूंडरी में कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक में सम्मेलन बारे जानकारी देते हुए बताया कि उस दिन यह सम्मेलन शाम को 4 बजे रखा गया है, जिसमें पार्टी के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल व अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्त्ताओं की ड्यूटीयां लगाई गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। हर विभाग के कार्य को पूरी पारदर्शिता से करने के लिए ऑनलाइन सुविधा की गई। हरियाणा प्रदेश के अंदर नौकरियां योग्यता के आधार पर दी जा रही है। इसके अलावा गरीब, दलित व पिछड़े वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई है। जिसका आम आदमी तक सीधा लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश का हर परिवार सरकार की किसी न किसी योजना का आज लाभ उठा रहा है। बैठक में जोगिंद्र गोलन, वेदपाल, भाजपा पार्टी के मंडल महामंत्री अमित टाया, किसान मोर्चा जिला सचिव संजीव रसीना भी मौजूद रहे।

# उम्रकैद काट रहे 57 कैदियों की रिहाई संभव, कमेटी ने किया मंथन

**चंडीगढ़।** हरियाणा की जेलों में बरसों से बंद 57 कैदियों को समय पूर्व रिहाई मिल सकती है। ये वे कैदी हैं, जो संगीन मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। पिछ्ले कई बरसों से इनके अच्छे आचरण को देखते हुए स्टेट लेवल कमेटी ने इन्हें समय पूर्व रिहाई देने पर मंथन किया है। कमेटी अपनी सिफारिश मुख्यमंत्री को भेजेगी। इसके बाद सीएमओ के लेवल पर निर्णय होगा कि इनमें से कितनों को समय पूर्व रिहाई दी जानी है।

इस संदर्भ में शुक्रवार को कमेटी के चेयरमैन और जेल मंत्री चौ़ रणजीत सिंह की अध्यक्षता में यहां बैठक हुई। बैठक में कमेटी सदस्यों के रूप में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, जेल विभाग के महानिदेशक मोहम्मद अकील व एलआर नरेंद्र सूरा मौजूद रहे। वहीं विभाग की ओर से आईजी (जेल) जगजीत



सिंह भी इस बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य एजेंडे में 51 कैदियों की जल्द रिहाई पर मंथन हुआ। इसी दौरान एडिशनल एजेंडे में 6 और कैदियों को लेकर चर्चा हुई। कमेटी ने सभी 57 मामलों में एक-एक करके मंथन किया। मुख्यमंत्री के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा कि इनमें से कितने कैदियों को समय पूर्व रिहाई का लाभ मिल सकता है और कितनों को नहीं। संविधान में भी इस तरह के नियम हैं कि उम्रकैद वाले कैदियों की सजा को कम किया जा सकता है। सरकार के पास भी ऐसे अधिकार हैं। इसीलिए स्टेट लेवल की कमेटी बनाई हुई है। सरकार अगर चाहे तो अच्छे व्यवहार के आधार पर उम्रकैद वाले कैदियों को भी रिहा कर सकती है। यहां बता दें कि जिन कैदियों के मामलों को लेकर मंथन किया गया उनमें से अधिकांश हत्या, रेप, रेप के बाद हत्या, डकैती और हत्या से जुड़े मामलों में शामिल रहे हैं।


# सभी गुटों से होगी बात, आम राय से तय होंगे संगठन पदाधिकारी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के हरियाणा मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया ने संगठन गठन की कवायद शुरू कर दी है। वे संगठन में नियुक्त होने वाले पदाधिकारियों के संबंध में एक राय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सभी गुटों के नेताओं के साथ एक-एक करके बैठक करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में शुक्रवार को वे नई दिल्ली स्थित पूर्व सीएम व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर पहुंचे। लगभग एक घंटा चली बैठक के दौरान प्रदेशाध्यक्ष चौ़ उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे। आने वाले दिनों में बाबरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मंत्री व विधायक किरण चौधरी, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव के साथ भी बैठक करके संगठन पर मंत्रणा करेंगे। बाबरिया चाहते हैं कि पिछ्ले 9 वर्षों से लटके संगठन गठन को सिरे चढ़ाया जाए। बताते हैं कि पार्टी में यह भी मोटे तौर पर तय हो गया है कि विधायकों को भी जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है। हुड्डा के साथ बैठक के दौरान संगठन के अलावा विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। हुड्डा 9 जुलाई को भिवानी में भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र का 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। यह उनका आठवां आयोजन होगा। इसके बाद रोहतक और हिसार लोकसभा क्षेत्र के कार्यक्रम बाकी रह जाएंगे। भिवानी के इस आयोजन के बाद प्रभारी का प्रदेश दौरा भी निश्चित हो गया है। हालांकि अभी तारीख का फैसला नहीं हुआ है, लेकिन यह निर्णय ले



लिया है कि सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बाबरिया सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 31 जुलाई तक जारी रहेगा। इस बीच कांग्रेस ने सभी नब्बे विधानसभा हलकों में रैलियां करने का निर्णय लिया है।

# दुष्यंत चौटाला एंड कंपनी से कर लो छुट्टी, हो रहा नुकसान: बीरेंद्र सिंह



**हिसार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह का जजपा नेता एवं उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बीच चल रही बयानबाजी को पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को हिसार के बरवाला में आयोजित हिसार लोकसभा क्षेत्र की 'गौरवशाली भारत रैली' में फिर आगे बढ़ाया और अपना दर्द भी झलकाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दुष्यंत चौटाला एंड कंपनी से जल्दी छुट्टी पा लो नहीं तो हर रोज नुकसान हो रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन का साथी तो उनको भाजपा का प्राथमिक सदस्य बताता है, इसलिए उन्होंने धन्यवाद भाषण देना ही मुनासिब समझा। रैली में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री संजीव बाल्याण, कृषि मंत्री जेपी दलाल व सांसद बृजेंद्र सिंह भी मौजूद थे। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने इशारों में यह भी कह दिया कि चंडीगढ़ में लोगों के काम नहीं हो रहे हैं, उसको भी सुधारो। दरअसल, पूर्व केंद्रीय मंत्री के संबोधन से पूर्व रैली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने संबोधित करते हुए कहा था कि आज इतने अच्छे रोड बने हुए हैं कि उन पर चलने में मजा आता है। वहीं बीरेंद्र ने अपने संबोधन में इसी बयान का हवाला देते हुए कहा कि धनखड़ साहब ने कहा कि सड़कें बहुत अच्छी है, लोग जब इन पर सफर करते हैं तो मजा आता है लेकिन चंडीगढ़ में ऐसी व्यवस्था कर दो कि लोग खुश होकर आएं।

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस बार भाजपा को बस 60 सीटें दिलवा दो, ज्यादा मत दिलवाना और 30 बाकियों को दिलवा देना ताकि उनका भी कुछ दबाव बना रहे।

मोदी ने मेरे लिए किया वह किसी ने नहीं किया

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन उनके लिए जो किया है, वह किसी ने नहीं किया।

'शाह मित्र हैं तो भाजपा में जायें हुड्डा'

बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा जब भी भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करते हैं तो पहले कहते हैं कि अमित शाह उनके अच्छे मित्र है। उन्होंने कहा कि अमित शाह भाजपा में है, इसलिए या तो अमित शाह को अपना मित्र कहना छोड़ दो या भाजपा में आ जाओ या घर बैठ जाओ।

# बजट ढेर सारा, पर गायों के हिस्से सिर्फ डेढ़ रुपये का चारा

**यमुनानगर।** ऊंट के मुंह में जीरा। कहने को तो यह एक कहावत है, लेकिन हरियाणा की गौशालाओं में इसे चरितार्थ किया जा रहा है। हरियाणा की गौशालाओं में गायों के चारे के लिए प्रतिदिन के हिसाब से मात्र 1.60 रुपये मुहैया कराया जा रहा है और गायों का इसी चारे से पेट भरता है। यह हालत तब है, जब प्रदेश सरकार की ओर से इस बार गौ सेवा आयोग का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 456 करोड़ कर दिया गया है। साल में दो बार इन गायों के चारा खरीदने की राशि गौ सेवा आयोग हरियाणा द्वारा हरियाणा की गौशालाओं को दी जाती है। नंदी गाय के लिए एक साल में चारे के लिए 1000 की राशि एवं बिना दूध वाली गाय के लिए 600 की राशि दी जाती है। यानी एक गाय को प्रतिदिन 1.64 रुपये का चारा मिलता है। सरकार ने गौ सेवा आयोग का बजट 456 करोड़ इसलिए किया गया है, जिससे गौशालाओं में गाय के चारे की राशि बढ़ाई जा सके। सड़कों पर आवारा घूमने वाली गायों को गौशलाओं में लाया जा सके और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सके। गायों के स्वास्थ्य के लिए दवाई, वैक्सीन एवं पर्याप्त डॉक्टर की व्यवस्था की जा सके। हरियाणा में इस समय 635 रजिस्टर्ड, जबकि 70 अनरजिस्टर्ड गौशालाएं हैं। इनमें साढ़े



चार लाख गाय रखी गई हैं। इसके अलावा, लगभग डेढ़ लाख गाय हरियाणा में सड़कों पर घूमती हैं।

**जल्द बढ़ाएंगे राशि**

गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग का कहना है कि इस बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गौ सेवा आयोग का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 456 करोड़ कर दिया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जिन 546 गौशालाओं ने पोर्टल पर रजिस्टर किया था, उनके खाते में 35 करोड़ की राशि जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गाय के चारे के लिए राशि बढ़ाया जाना, इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना प्रस्तावित है। इसके लिए जल्दी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा की सड़कों पर घूमने वाली बेसहारा गायों के लिए विशेष योजना तैयार की गई है और अगले कुछ महीनों में हरियाणा की सड़कों पर गाय नजर नहीं आएंगी।

**चारे के लिए प्रतिदिन कम से कम 50 रुपये मिलें**-गोवंश गौशाला सेवा संघ हरियाणा के अध्यक्ष जगदीश मलिक का कहना है कि हरियाणा गौ सेवा आयोग का बजट तो बढ़ा दिया गया, लेकिन गाय को चारे के रूप में कितनी राशि अलाट की जाएगी यह 3 महीनों में अब तक नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रति गाय चारे के लिए प्रतिदिन कम से कम 50 रुपये दिए जाने चाहिए, ताकि गाय को भरपेट चारा खिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जो डेढ़ लाख गाय आवारा घूम रही हैं, उन्हें सड़कों से हटाकर गौशाला में लाना चुनौतीपूर्ण कार्य है। लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं, बशर्ते सरकार प्रति गाय चारे के लिए प्रतिदिन 50 रुपये दे।

# केले की खेती बनी कमाई का साधन

**रोहतक।** दक्षिण भारत की तरफ होने वाले केले की खेती अब हरियाणा में भी होने लगी है। लाखनमाजरा के गांव बैंसी निवासी एक किसान ने कमाल कर दिया और तीन एकड़ में केले की खेती कर दिखा दिया कि पंरपरागत खेती से हटकर फल व फूलों से लाखों रुपये कमाया जा सकते है। केले की खेती से किसान अब हर माह एक से डेढ़ लाख रुपये तक की कमाई कर रहा है। केले की खेती की प्रक्रिया देखने के लिए आसपास के किसान बैंसी गांव पहुंच रहे है। केले की खेती करने वाले किसान अब पपीते की खेती के लिए जमीन तैयार कर रहा है। इसके अलावा अन्य कई तरह के फलों की खेती के लिए बागवानी विभाग द्वारा विशेष ट्रेनिंग ले रहा है। लाखनमाजरा क्षेत्र के गांव बैंसी निवासी किसान संजय ने अपने तीन एकड़ जमीन में केले की फसल की शुरुआत की। पहले उसे डर था कि मौसम के चलते कभी केले की खेती न हो सकें। इसके लिए संजय ने बागवानी विभाग की मदद ली और विभाग से केले खेती की प्रक्रिया समझी। इसके बाद संजय ने केले के पौध की बुआई की। तीन साल पहले ही उन्होंने गांव में केले की फसल लगाई है। उनका कहना है कि केले की फसल किसानों को अच्छा फायदा पहुंच सकती है। वे अब दूसरे किसानों को भी बागवानी फसलों के लिए प्रेरित कर रहे हैं। दसवीं पास किसान संजय बताया कि तीन साल पहले एक एकड़ में केले की फसल लगाई थी। जिसके परिणाम अच्छे रहने पर अगले साल एक और एकड़ में केले की फसल लगाई। जब दोनों एकड़ में फसल अच्छी रही तो उन्होंने तीसरे एकड़ में भी केले की ही फसल लगा दी। उन्होंने कहा कि केले का पौधा एक साल में फसल देने लगता है। ऐसे में अब उनके खेलों में केले की अच्छी फसल होने लगी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे आर्गेनिक तरीके से खेती करते हैं, और केले को खेतों में की पकाते हैं। जिसके चलते केलों को आर्गेनिक मार्केट में भेजा जाता है, जहां पर पहुंचने के बाद केले की फसल जल्द बिक जाती है। जिसके चलते अब फसल की बिक्री की भी कोई चिता नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके पास छह एकड़ जमीन है।

# 20 रुपये में होगी चार्ज, 35 की स्पीड में 150 किमी दौड़ेगी

**चरखी दादरी।** हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त संदीप धनखड़ ने एक इलेक्ट्रिक साइकिल बनाई है। यह ई-साइकिल मात्र 20 रुपये से कम खर्च पर 150 किलोमीटर की दूरी तय कर रही है। तीन घंटे के अंदर साइकिल चार्ज हो जाती है और यह तीन यूनिट बिजली लेती है। ई-साइकिल को रिक्शा के टायर, रिम, चैन और लोहे से तैयार किया गया है। इसे तैयार करने पर करीब पांच हजार रुपये खर्च आया है। ई-साइकिल की गति हाथ से कम करने के साथ बढ़ा सकते हैं और इसकी अधिकतम गति सीमा 35 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

बता दें कि ई-साइकिल को तैयार करने वाला जवान संदीप धनखड़ झज्जर जिले के गांव सेहलंगा का रहने वाला है। वो इससे पहले पैराग्लाइडर, सीएनसी और इलेक्ट्रिक बाइक भी बना चुका है। संदीप ने घर के अंदर कमरे में गैराज भी बनाया हुआ है।

ड्यूटी के बाद गैराज में बिताते हैं समय

ड्यूटी से जाने के बाद कांस्टेबल संदीप अधिकतर समय अपने इनोवेशन को ही देता है। साथ ही अपना अधिकतर वेतन इनोवेशन पर खर्च कर देता है। संदीप ने 2012 में मैकेनिकल ट्रेड से आईटीआई से डिप्लोमा किया था।

इनोवेशन मेरा शौक : संदीप

संदीप ने बताया कि जब आईटीआई में पढ़ता था तो उस समय 2 अन्य लड़कों के साथ मिलकर हेलीकॉप्टर बनाना शुरू किया था, लेकिन उस समय कामयाबी नहीं मिल पाई। हरियाणा पुलिस में भर्ती होने के बाद इनोवेशन शौक बन गया। सबसे पहले पैराग्लाइडर बनाया। उसके बाद सीएनसी (कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल मशीन) व इलेक्ट्रिक बाइक बनाई। अब इलेक्ट्रिक



साइकिल तैयार की है। एसपी निकिता गहलोत ने संदीप के इनोवेशन को काफी सराहा। जल्द ही जिला पुलिस द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

पांच वर्ष पहले बनाया था पैराग्लाइडर

संदीप ने पांच साल पहले पैराग्लाइडर बनाया था। यह पैराग्लाइडर एविएशन नियम के तहत लगभग 600 फुट ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसके अंदर बाइक का इंजन और उड़ान के लिए पैराग्लाइडिंग विंग व धक्का देने के लिए प्रोपिलर लगाया गया है। यह पैराग्लाइडर पेट्रोल से चलता है। लगभग एक लीटर पेट्रोल में इसे 30 मिनट तक उड़ाया जा सकता है। इसे बनाने में लगभग 50 से 60 हजार रुपये खर्चा आया था।

10 हजार रुपये में बनाई इलेक्ट्रिक बाइक

संदीप ने दो वर्ष पहले एक इलेक्ट्रिक बाइक बनाई थी। इस बाइक में 12-12 वोल्ट की चार बैटरी लगाई गई हैं, जो लगभग तीन घंटों में चार्ज होने के बाद 40 से 50 किलोमीटर चलती है। कबाड़ की बाइक से उसकी बॉडी बनाई गई है। इसको बनाने में मात्र दस हजार रुपये का खर्चा आया है।

# जिला जेल के गेट पर बदमाश की हत्या

## बिजनौर की घटनाः रिहा हो रहे कैदी को मारने आए थे, फायरिंग में साथी को ही गोली लगी





**बिजनौर।** जिला जेल के बाहर शुक्रवार रात को बड़ी घटना हुई। यहां जेल से जमानत पर रिहा हो रहे कैदी पर दो बदमाशों ने फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश की गोली दूसरे बदमाश को ही लग गई। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों बदमाश जिसे मारने आए थे, वह सुरक्षित है। वहीं, वारदात में जेल के हवलदार रंजीत सिंह और जिला पुलिस के सिपाही राजीव भी घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद जिला जेल के गेट पर भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। बताया जा रहा है कि किरतपुर का रहने वाला राजन (24) बिजनौर जिला जेल में बंद था। शुक्रवार शाम उसकी रिहाई होनी थी। जिसकी हत्या की वारदात को अंजाम देने के लिए हीमपुर दीपा का रौनक अपने साथी बिजनौर के सेहवारा के विशाल शर्मा के साथ जिला जेल पहुंचा। राजन के बाहर निकलते ही दोनों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला। उन्होंने किसी तरह से राजन को बचाया। साथ ही आरोपियों को पकड़ना चाहा। इसी बीच, रौनक की गोली उसी के साथी विशाल को लग गई। इसके बाद पुलिस ने रौनक को पकड़ लिया। विशाल को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर SP नीरज कुमार जादौन, SP सिटी डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह और उड नजीबाबाद गजेंद्र पाल सिंह के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। घटना के बाद पुलिस ने रौनक और राजन से पूछताछ की, तब वारदात की वजह सामने आई। दरअसल, राजन ने कुछ महीने पहले रौनक के साथी हर्षित चिकारा के घर पर फायरिंग की थी। इसी कारण रौनक ने अपने साथी विशाल के साथ मिलकर राजन को मारने की योजना बनाई थी। SP नीरज कुमार जादौन का कहना है, "शुक्रवार रात को लगभग 8:15 बजे जेल गेट के पास रिहा हो रहे कैदी राजन पर दो बदमाश हमला करने आए थे। उनमें से बदमाश रौनक के तमंचे से उसके ही साथी विशाल को गोली लगी और उसकी मौत हो गई। दूसरे हमलावर को पुलिस ने पकड़ लिया है। राजन सुरक्षित है।" सूत्रों की माने, तो राजन और रौनक रचित गैंग के लिए काम करते थे। ये गैंग लोगों से लूटपाट करता था। पिछले कुछ वक्त से राजन और रौनक में रंजिश चल रही थी। पिछले दिनों राजन ने अलग गैंग बना लिया था। इसी कारण दोनों में रंजिश और बढ़ने लगी थी। बीती एक जून को किरतपुर क्षेत्र में मौलाना जोहर कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड पर राजन ने फायरिंग की थी। उस मामले में राजन पर मुकदमा दर्ज हुआ। राजन को 13 जून को जेल भेज दिया गया था। 17 दिनों से राजन जेल में ही था। 30 जून को वह जमानत पर छूटा था। रंजिशन रौनक उसे मारने के लिए पहुंचा। रचित गैंग के सरगना रचित की मौत लगभग ढाई साल पहले हो चुकी है।

## रिसेप्शन पार्टी में दुल्हन का बैग चोरी

**मुरादाबाद** । एक शादी की रिसेप्शन पार्टी से दुल्हन का बैग चोरी हो गया। बैग में कैश और दुल्हन के कुछ जेवर थे। घटना रामपुर रोड पर स्थित होटल क्लार्क इन की है। बैग चुराना वाला उउळश कैमरे में कैद हुआ है। कटघर थाना क्षेत्र में गाड़ी खाना निवासी प्रमोद कुमार यादव का जीरो प्वाइंट के पास राज किरण डिग्री कॉलेज है। उनके बेटे अखिल IT कंपनी में इंजीनियर हैं। अखिल की शादी झारखंड निवासी युवती के साथ हुई है। परिवार का कहना है कि 14 जून की रात कटघर थाना क्षेत्र में ही रामपुर रोड पर होटल क्लार्क इन में शादी की रिसेप्शन पार्टी थी। प्रमोद कुमार ने बताया कि रात करीब 12 बजे मेहमान विदा हो गए थे। परिवार के 10-12 लोग एक टेबल पर दूल्हा- दुल्हन के साथ खाना खा रहे थे। खाने के दौरान दुल्हन ने अपना बैग टेबल पर ही रख लिया था। इस दौरान वहां वेटर बार-बार खाना सर्व करने आ रहे थे। बार बार मना कर देने के बाद भी एक वेटर बार-बार टेबल के पास घूम रहा था। खाना खाने के बाद जब परिवार घर लौटने लगा। तब दुल्हन को एहसास हुआ कि उसका बैग टेबल पर नहीं है। बैग में सोने की 2 अंगूठी, सोने की एक चेन, 50 हजार रुपए, एक घड़ी और गिफ्ट में मिले कुछ लिफाफे समेत अन्य कुछ सामान था। प्रमोद कुमार ने सतीश नाम के एक वेटर पर संदेह जताया है। प्रमोद का कहना है कि, उन्होंने होटल प्रबंधन से इस मामले की शिकायत की थी। तब होटल प्रबंधन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। लेकिन होटल प्रबंधन की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। कटघर थाने में भी तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद कॉलेज संचालक ने डीआईजी से गुहार लगाई। कटघर थाना प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरी करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



**कन्नौज ।** शनिवार सुबह ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गई। ट्रेन से टकराने के बाद उनके धड़ से सिर अलग हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर सरवन गांव निवासी 65 वर्षीय लाल खां उर्फ लल्ला शनिवार सुबह बाजार जाने की बात कह कर घर से निकले थे। घर वाले उनके लौटने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन तभी उन्हें सूचना मिली कि सरायमीरा पूर्वी बाईपास स्थित मंडी समिति के पास लाल खां उर्फ लल्ला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गए। जहां लाल खां का शरीर कई टुकडों में बिखरा पड़ा था। रेलवे ट्रैक के बीच उनका सिर पड़ा था। जबकि बाकी का धड़ ट्रैक के साइड में पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव के टुकडों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लाल खां का ट्रेन से कटना एक हादसा है या फिर सुसाइड। इस मामले की जांच पुलिस कर रही है। मृतक लाल खां के परिजनों ने बताया कि वह सुबह झोला लेकर सरायमीरा बाजार गए थे। जहां से उन्हें गृहस्थी का सामान लेकर घर आना था। लेकिन इस बीच ट्रेन से कटने की सूचना मिल गई। घटना स्थल पर ही गृहस्थी के सामान से भरा हुआ उनका झोला भी मिला है। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि गांव जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन आ गई होगी। जिसे वह देख नहीं पाए होंगे और हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# वाराणसी को 3000 करोड़ रुपये की सौगात देंगे पीएम मोदी




**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी की जनता को 3000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दे सकते हैं। वह प्रदेश के दूसरे सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रो केमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) का लोकार्पण करेंगे। तीन रेलवे ब्रिज का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित व शिलान्यास वाली प्रस्तावित विकास परियोजनाओं की सूची बनाई जा रही है। पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय (7-8 जुलाई) दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री करीब 28 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। जिला प्रशासन से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक सुल्तानपुर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सिपेट के स्कीलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट सेंटर (सीएसटीसी) सहित करीब 18 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। इनकी लागत 1073 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने ही 15 जुलाई 2021 को 10 एकड़ में बने सिपेट का शिलान्यास किया था। इसकी लागत 40.1 करोड़ रुपये है। यह संस्थान रोजगार प्रशिक्षण का प्रमुख माध्यम बनेगा। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रतिवर्ष एक हजार छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट के सुंदरीकरण, तीन रेलवे ओवरब्रिज सहित 305 करोड़ से ज्यादा की लागत वाली 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इसी तरह रेलवे की 1622 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो सकता है। कुछ और विकास कार्यों को सूची में शामिल किया जा सकता है। इसकी औपचारिकता पूरी की जा रही है। प्रधानमंत्री बीएचयू में भूतल के साथ 10 मंजिला अंतरराष्ट्रीय बलिक छात्रावास, 96 सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य भी जनता को समर्पित करेंगे। बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर कादीपुर रेलवे स्टेशन, प्रयागराज-वाराणसी रेलवे लाइन पर हरदत्तपुर और राजातालाब और लोहता चौखंडी रेल लाइन पर जंसा रामेश्वर रोड पर दो-दो लेन के तीन रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास भी कर सकते हैं। गंगा में जल परिवहन को गति देने के लिए अस्सी घाट, शिवाला घाट, केदार घाट, पंचगंगा और राजघाट पर जेटी का काम शुरू करने की प्रक्रिया को हरी झंडी दे सकते हैं।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश बोले, लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक दल होंगे साथ



**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में ट्रैफिक व्यवस्था सांड के हवाले हैं। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जिस निवेश का दावा किया जा रहा था उन्हें अब तक धरातल पर नहीं उतारा जा सका। हालात यह है कि निवेशकों को सरकार ढूंढ रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था और अधिकारी पूरी तरीके से बेलगाम हो चुके हैं। अखिलेश यादव शनिवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल बाराबंकी शाखा का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाराबंकी की एक महिला को विधानसभा के सामने न्याय के लिए आत्महत्या करनी पड़ती है तो वहीं हैदरगढ़ में एक व्यक्ति की थाने पर मौत हो जाती है। महागठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मेरा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक दल साथ आएं। हालांकि, कांग्रेस से गठबंधन को लेकर उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। लोकसभा चुनाव में सपा के कांग्रेस के गठबंधन को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि योगी सरकार मेडिकल कॉलेजों के सपने दिखा रही थी लेकिन जिला अस्पताल भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। आज प्रदेश में कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं, लखनऊ के चक गंजरिया में कैंसर इंस्टिट्यूट का निर्माण हुआ था लेकिन सरकार ने उसे संचालित नहीं करवाया लोग इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई के चक्कर काटने को मजबूर हैं। भारतीय जनता पार्टी और उनके साथ मिले दल लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। चुनाव के समय लोगों को एकता का पाठ पढ़ा कर उन्हें गुमराह किया जाता है। भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म करने का दावा करते हुए नोटबंदी की लेकिन आज सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार चरम पर है अब 2000 रुपये के नोट बंद कर दिए। यह देखना चाहिए कि ये नोट किस बैंक में सबसे ज्यादा जमा हुए हैं। समान नागरिक संहिता पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि महंगा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, राकेश वर्मा, रामगोविंद चौधरी, सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधायक सुरेश यादव, गौरव रावत, आशु मलिक और जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज, करुणेश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह ,पूर्व विधायक राजेश यादव राजू आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ में 15 साल की लड़की से गैंगरेप

## 3 युवकों ने घर के बाहर से किडनैप किया, फिर 3 अलग-अलग पार्कों में ले जाकर दरिंदगी की




लखनऊ । 15 साल की लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि कैंट इलाके में तीन युवकों ने बुधवार रात घर के बाहर से 15 साल की लड़की को किडनैप कर लिया। इसके बाद लड़की को 3 अलग-अलग पार्कों में ले गए। वहां जबरन दरिंदगी की। लड़की के बेहोश होने पर उसे छोड़कर फरार हो गए। लड़की रातभर में पार्क में पड़ी रही। गुरुवार तड़के किसी तरह वह घर पहुंची और आपबीती बताई। फिलहाल, पुलिस ने तीनों आरोपी इरफान, हलीम और आसिफ को शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया है। बाराबंकी की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी मां यानी पीड़िता की नानी कैंट में अकेले रहती है। उनकी देखभाल के लिए 17 जून को 15 साल की बेटी को भेजा था। बेटी बुधवार रात 9 बजे नल पर बर्तन धो रही थी, तभी पूड़ी बेचने वाला इरफान बेटी को जबरन स्कूटी पर बैठा लिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बेटी को लालबत्ती चौराहे के पास बने पार्क में ले गया। यहां उसके दोस्त सदरबाजार निवासी आसिफ और हलीम भी आ गए। फिर तीनों ने बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद गोमतीनगर के जनेश्वर मिश्र पार्क और फिर कैंट के हरिश्चंद्र पार्क में ले जाकर रेप किया। पीड़िता की मां के मुताबिक, बेटी के लापता होने के बारे में मां ने मुझे फोन पर बताया। इसके बाद मैं भी लखनऊ पहुंच गई। बेटी की कई जगह तलाश की। मगर, उसका कहीं पता नहीं चला।

फिर हम लोग थाने गए और गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच गुरुवार तड़के बेटी बदहवाश हालत में घर लौटी। उसने आपबीती बताई। फिर बेटी को लेकर हम लोग थाने पहुंचे। थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। पीड़िता ने पुलिस को बताया, "घर के पास ही रहने वाला इरफान पूड़ी बेचता है। वह पिछले कई दिनों से मेरा पीछा कर रहा था। जब भी मैं घर से किसी काम से निकलती, तो इरफान दुकान छोड़कर मेरे पीछे-पीछे चल देता। डर की वजह से मैं घर से निकलना कम कर दी थी।" पुलिस ने पीड़िता और उसकी मां के आरोपों के आधार पर इरफान, हलीम और आसिफ की गिरफ्तारी के बाद गुमशुदगी की FIR में अपहरण, गैंगरेप, मारपीट, पॉक्सो और रउ-रळ एक्ट की धारा बढ़ा दी है। पुलिस को घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की आशंका है। DCP पूर्वी हृदेश कुमार ने बताया, "पुलिस टीम ने तीनों आरोपी इरफान, हलीम और आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। जिस स्कूटी से लड़की को किडनैप किया था, वह स्कूटी भी बरामद कर ली है।"

## संक्षिप्त डायरी

### पुलिस की गिरफ्त में चंद्रशेखर पर हमला करने वाले चार आरोपी, अंबाला कोर्ट में सरेंडर करने की थी तैयारी



**सहानपुर।** भीम आर्मी प्रमुख और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर पर हमला करने वाले चार आरोपियों को सहारनपुर पुलिस ने हरियाणा के अंबाला से पकड़ा है। बताया गया ये चारों आरोपी अंबाला कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। बताया गया कि ये चारों आरोपी पुलिस से साठगांठ कर कोर्ट में सरेंडर करने जा रहे थे। इसी दौरान थाना पुलिस की इन पर नजर पड़ गई। इसके बाद उन्हें दबोच लिया गया है। वहीं, सहारनपुर पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी। बुधवार की शाम देवबंद की गांधी कॉलोनी से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कार में अपने भाई मनीष और तीन अन्य साथियों के साथ सहारनपुर लौट रहे थे। यूनियन तिराहे के पास स्विफ्ट कार में आए बदमाशों ने चंद्रशेखर की कार पर चार राउंड फायरिंग की। एक गोली कार के दरवाजे को भेदते हुए चंद्रशेखर के पेट को छूकर निकल गई, जिससे वह घायल हो गए। देवबंद सीएचसी के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के आरोपी कार सहित मौके से फरार हो गए थे। बृहस्पतिवार शाम को चंद्रशेखर को जिला अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

### याकूब परिवार पर फिर शिकंजाः दो बेटों पर लगा गुंडा एक्ट



**मेरठ।** पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी के परिवार की मुसीबत अभी कम होने वाली नहीं है। अवैध मीट फैक्टरी संचालन और गैंगस्टर के मामले में जमानत पर चल रहे याकूब के बेटे फिरोज और इमरान पर कोतवाली पुलिस ने गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है। इसके साथ ही जिला बदर की रिपोर्ट एसएसपी के माध्यम से डीएम को भेज दी है। दोनों पर जिला बदर की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। अभी हाजी याकूब की जमानत नहीं हुई है। 31 मार्च 2022 पूर्व मंत्री हाजी याकूब की हापुड़ रोड स्थित मीट फैक्टरी पर पुलिस ने छापा मारा था। अवैध रूप से मीट फैक्टरी चलाने के मामले में हाजी याकूब, बेटे फिरोज और इमरान समेत पंद्रह से अधिक लोगों के खिलाफ खरखौद थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद हाजी याकूब परिवार समेत फरार हो गए। पुलिस ने पुराने मुकदमों का इतिहास निकालते हुए हाजी याकूब, फिरोज और इमरान के खिलाफ गैंगस्टर की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। याकूब तो इस मामले में जेल में बंद है। इमरान और फिरोज जमानत पर बाहर आ गए हैं। पुलिस ने इनकी करोड़ों रुपये की संपत्ति भी जब्त कर ली है। पुलिस ने इनकी कारों को भी जब्त कर लिया। कोतवाली पुलिस ने इमरान और फिरोज पर गुंडा एक्ट में केस दर्ज करते हुए जिला बदर की रिपोर्ट एसएसपी रोहित सिंह सजवाण को भेज दी। एसएसपी ने रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। जल्द ही प्रशासन इनको जिला बदर की कार्रवाई को अमल में ला सकता है। सीओ कोतवाली अमित राय ने बताया कि हाजी याकूब के दोनों बेटों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हो गई है। जिला बदर के लिए एसएसपी की ओर से डीएम को रिपोर्ट भेजी गई है।

### लोकसभा चुनाव 2024 में, घर-घर जाकर बताएं नौ साल की उपलब्धियां



**अलीगढ़।** विकास खंड परिसर में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत जवां की बोर्ड बैठक हुई। इस दौरान ग्राम प्रधान, बीडीसी, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में शामिल हुए बरौली विधायक ठा. जयवीर सिंह ने कहा कि आपके यहां डबल इंजन की सरकार है। 2024 में लोकसभा चुनाव आ रहे हैं। सभी एकजुट होकर केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को घर-घर जाकर बताएं। ब्लॉक प्रमुख हरेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि दो साल में प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 98 प्रतिशत विकास कार्य करा चुके हैं। यदि कोई भी ठेकेदार भ्रष्टाचार करता है तो इसकी सूचना दें। जिससे उसकी जांच कराई जा सके। बैठक में चेयरमैन जवां पिंटू सूर्यवंशी, चेयरमैन बरौली मनोज सिंह, बीडीओ रूपेश कुमार मंडल, युवा भाजपा नेता ठा. वरुण सिंह, वीडीओ ज्वाइंट नाथूराम, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत सिंह, एडीओ पंचायत देशराज गिरि आदि मौजूद रहे।

### वाहन चोर गैंग का पुलिस ने किया खुलासा:6 चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा** । बिसरख थाना पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है ।पुलिस ने इस गैंग का खुलासा करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की 14 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है, साथ ही एक मोटरसाइकिल जली हुई अवस्था में भी बरामद की है। यह लोग मास्टर की से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। बिसरख थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 6 शातिर वाहन चोरों को गौर सिटी के पास से गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से पुलिस ने 6 चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की ,जब इन लोगों से गहन पूछताछ की गई तो इन्होंने अन्य चोरी के वाहनों के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद पुस्ता के पास छुपे हुए चोरी के अन्य वाहन भी बरामद किए गए ।पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 14 चोरी की मोटरसाइकिल एक चोरी की स्कूटी और एक जली हुई मोटरसाइकिल बरामद की है। इन लोगों के गिरोह का सरगना अभी भी फरार चल रहा है। यह बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं, जो अपना गैंग बनाकर बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी , गाजियाबाद के विजय नगर थाना क्षेत्र और नोएडा के फेस टू थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।